**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 04-08-2025**

- **परिक्षेत्रीय कार्यालय जनपद बस्ती । महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश महोदया के बस्ती में आवागमन के दौरान वाहनों को नेशनल हाईवे से डायवर्ट कराये जाने का प्लान -**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश महोदया के बस्ती में आवागमन को दृष्टिगत दिनांक 04.08.2025 को रात्री 12.00 बजे से दिनांक 05.08.2025 को 20.00 बजे (कार्यक्रम समाप्ति) तक अयोध्या बस्ती मार्ग पर वाहनों का आवागमन प्रतिबन्धित रहेगा। आवश्यकतानुसार छोटा वाहन (एम्बुलेंस आदि) एक लेन से चलाया जायेगा।

1. लखनऊ से गोरखपुर की तरफ आने वाले वाहनों को बाराबंकी से ही रोककर जरवल रोड, कर्नेलगंज, गोण्डा, उतरौला, डुमरियागंज होते हुए गन्तव्य को डायवर्ट कर दिया जायेगा ।
2. अयोध्या से बस्ती, गोरखपुर के तरफ आने वाले वाहनों अयोध्या से लोलपुर होते हुए कटरा, लकड़मण्डी, नवाबगंज, गोण्डा, डुमरियागंज से गन्तब्य को डायवर्ट कर दिया जायेगा।
3. गोरखपुर से लखनऊ की तरफ जाने वाले वाहनों को खलीलाबाद से डायवर्ट कर मेंहदावल रोड होते हुए बांसी, डुमरियागंज, उतरौला, होकर आगे निकाला जायेगा।
4. बस्ती से लखनऊ की तरफ जाने वाले वाहनों को बड़ेबन ओवरब्रिज के ऊपर न जाकर डायवर्ट कर ओवरब्रिज के नीचे से मनौरी- भानपुर- डुमरियागंज के रास्ते आगे को भेजा जायेगा। तथा फुटहिया ओवरब्रिज से कलवारी होते हुए टाण्डा अम्बेडकरनगर की ओर डायवर्ट किया जायेगा।
5. अम्बेडकर नगर से बस्ती की तरफ आने वाले वाहनों को कलवारी चौराहे से गायघाट, कुदरहा, लालगंज होते हुये जनपद संतकबीर नगर हेतु डायवर्ट किया जायेगा

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**